# बेहतर स्वास्थ्य के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान कर रहा है आमजन का प्रकृति परीक्षण

जिला न्यायाधीश अजीत कुमार हींगर का प्रकृति परीक्षण करके जयपुर जिला न्यायालय परिसर में की देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ

**प्रभात अभिनन्दन न्यूज**

जयपुर, 10 दिसम्बर (का.सं.)। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान में आमजन का प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है। आज जयपुर जिला न्यायालय परिसर में माननीय जिला न्यायाधीश श्रीमान अजीत कुमार जी हींगर का प्रकृति परीक्षण कर जिला न्यायालय परिसर में अभियान की शुरुआत की गई, जिला न्यायालय में कार्यरत समस्त कर्मचारी अधिवक्ताओं एवं आने वाले परिवर्दियों का प्रकृति परीक्षण किया गया।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के उपनिदेशक चंद्रशेखर शर्मा एवं प्रशासन अधिकारी नरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि डॉ भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में लगभग 20 चिकित्सकों की टीम ने जिला न्यायालय परिसर में 400 से अधिक आमजन का प्रकृति परीक्षण कर अभियान की शुरुआत की। देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा पूरे जयपुर शहर और जयपुर के और जयपुर के आसपास के जिलों में भी बड़े स्तर पर आमजन का प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है। देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान को लेकर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा हमारे शरीर मे वात, पित्त ओर कफ हमारी प्रकृति का निर्माण करने के साथ ओर इसे प्रभावित भी करते हैं। हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमारे शरीर की प्रकृति को जानना हम सभी के लिये बहुत जरूरी है। आम जन के स्वास्थ्य के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वाहन पर आज पूरे देश में प्रकृति परीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है।




जिससे लाखों की संख्या में लोग अपना प्रकृति परीक्षण करवा कर अपनी प्रकृति के बारे में जानकारी ले रहे हैं। 25 दिसंबर तक इस अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा सरकारी एवं निजी कार्यालय, संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों पर आमजन का बड़ी संख्या में प्रकृति परीक्षण कर रहा है। अब तक 32000 से ज्यादा लोगों का प्रकृति परीक्षण राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा किया जा चुका है और जल्द से जल्द अधिक से अधिक लोगों का प्रकृति परीक्षण किया जाएगा।

# जोधपुर में सामूहिक आत्महत्या, मां और 2-बेटों ने जहर पीया

## 12 साल का मौसेरा भाई पहुंचा तो मुंह से झाग निकल रहे थे;वॉट्सऐप पर भेजा था सुसाइड नोट

जोधपुर, 10 दिसम्बर (का.सं.)। जोधपुर में पारिवारिक विवाद के चलते मां और 2 बेटों ने सामूहिक आत्महत्या कर ली। बड़े बेटे ने वॉट्सऐप पर सुसाइड नोट अपने रिश्तेदारों को भेजा था। इसके बाद तीनों ने जहर पीकर अपनी जान दे दी।

12 साल का मौसेरा भाई घर पहुंचा तो तीनों जमीन पर पड़े थे। मुंह से झाग निकल रहे थे। ग्रामीणों की मदद से उन्हें हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामला ओसियां थाना इलाके के बिगमी गांव का सुबह 11 बजे का है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शव ओसियां अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाए हैं।

जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

ग्रामीण एसपी राम मूर्ति जोशी ने बताया- मां और दो बेटों के सुसाइड करने की सूचना मिली थी। ओसियां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक तौर पर जहरीला पदार्थ खाने से उनकी मौत होना सामने आया है। मामले में जांच की जा रही है। ओसियां थाने के स.।ह राजेश कुमार गजराज ने बताया- भंवरी देवी (55) पत्नी अनोप सिंह राजपुरोहित, नवरत्न (27) और प्रदीप (24) ने सुसाइड किया है। तीनों का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

# युवक की चाकू घोंपकर हत्या

बालोतरा, 10 दिसम्बर (का.सं.)। गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठ गए।

घटना बालोतरा जिले की नेहरू कॉलोनी में मंगलवार दोपहर 2 बजे की है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें आरोपी युवक को चाकू मारते हुए नजर आ रहा है। बालोतरा डीसपी सुशील मान ने बताया- असाडा क्षेत्र के रहने वाले विशनाराम (30) का गाड़ी हटाने की बात को लेकर हर्षदान चारण से विवाद हो गया था। झगड़ा इतना बढ़ गया कि हर्षदान ने विशनाराम पर चाकू से हमला कर दिया।


भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India | BRANCH:- NAGAR NIGAM SANGANER, JAIPUR | **स्वर्ण आभूषण नीलामी सूचना**

भारतीय स्टेट बैंक , ने नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को स्वर्ण आभूषण गिरवी रखने पर स्वर्ण ऋण प्रदान किया था। उन्हें ब्याज सहित राशि के पुनर्भुगतान की मांग करते हुए नोटिस जारी किया गया है। चूंकि वे संबंधित खाते/खातों में बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, हम सार्वजनिक नीलामी में सोने के आभूषणों की बिक्री से राशि वसूल करने के लिए बाध्य हैं और यदि नीलामी में आवश्यक राशि नहीं मिलती है, तो बैंक निजी संधियों/अनुबंधों द्वारा बिक्री के साथ आगे बढ़ेगा। बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी की तिथि और स्थान को बदलने/विस्तारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

| NAME | ACCOUNT ID | Closure Amt | NPA DATE |
|---|---|---|---|
| VIVEK KRISHNATRI | 42273947059 | 1,71,000/- + Charges | 22.08.2024 |
| VIVEK KRISHNATRI | 42273900279 | 2,59,000/- + Charges | 22.08.2024 |

नीलामी का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक, जयपुर सम्बधित शाखा में दिनांक 13.12.2024 ( शुक्रवार ) को प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक। इच्छुक पक्ष उपरोक्त पते पर सम्बधित शाखा मे शाखा प्रबंधक से संपर्क करे। प्रतिभागियों को नीलामी की तिथि पर पैन कार्ड की प्रति, पासपोर्ट साइज फोटो, वैध पहचान प्रमाण और पते के प्रमाण के साथ नीलामी में भाग लेना चाहिए।

दिनांक : 10.12.2024 स्थान : जयपुर — प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक


# बोरवेल में गिरा बच्चा मशीन पर अटका,रेस्क्यू के दो ऑप्शन

दौसा, 10 दिसम्बर (का.सं.)। दौसा में बोरवेल में 147 फीट नीचे फंसे हुए 5 साल के आर्यन को बाहर निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बोरवेल का काम जिस ढोली मशीन के फंसने के कारण 3 साल से बंद पड़ा था, उसी पर बच्चा अटका हुआ है। उसके 4 फीट नीचे ही पानी है। हालांकि 20 घंटे की मशक्कत के बाद अम्ब्रेला लॉक से भी बच्चे को अंदर सुरक्षित कर लिया है।

मासूम को बाहर निकालने के केवल 2 ही रास्ते बचे हैं। पहला बोरवेल के ऊपर से रिंग डालकर, ताकि किसी तरीके से वह उसमें अटक जाए और खींचकर ऊपर निकाला जाए। इसके कई प्रयास फेल हो चुके हैं। दूसरा रास्ता ये है कि बोरवेल के पास ही सुरंग खोदकर नीचे उतरा जाए। आर्यन के पिता ने इस बोरवेल का काम 3 साल पहले करवाया था। खुदाई के दौरान मिट्टी साफ करने के लिए यानी की मिट्टी को बाहर निकालने के लिए ढोली (डोली) मशीन का उपयोग किया गया था। यह एक ट्रॉलीनुमा मशीन है, जिसे स्थानीय भाषा में ढोली मशीन कहते हैं। ये बोरवेल से मिट्टी हटाने के काम आती है। खुदाई के दौरान और पाइप डालने की दौरान ढोली मशीन और एक रस्सी अंदर ही फंस गई थी।

# नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित

रेलसेवाएं रद्द/रेगुलेट रहेगी

जयपुर, 10 दिसम्बर (का.सं.)। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मण्डल पर शाहजहाँपुर-लखनऊ एवं सीतापुर सिटी-बालामऊ रेलखण्ड के मध्य स्थित बालामऊ यार्ड में रिमॉडलिंग कार्य के कारण नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी:

रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

गाडी संख्या 15623, भगत की कोठी (जोधपुर)-कामाख्या रेलसेवा दिनांक 18.02.25 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 15624, कामाख्या-भगत की कोठी (जोधपुर) रेलसेवा दिनांक 14.02.25 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 20939, साबरमती-सुल्तानपुर रेलसेवा दिनांक 18.02.25 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 20940, सुल्तानपुर-साबरमती रेलसेवा दिनांक 19.02.25 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 15715, किषनगंज-अजमेर रेलसेवा दिनांक 14.02.25, 16.02.25 व 18.02.25 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 15716, अजमेर- किषनगंज रेलसेवा दिनांक 17.02.25, 18.02.25 व 20.02.25 को रद्द रहेगी।

# भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने ओडिशा सीएम से मुलाकात की

भुवनेश्वर, 10 दिसंबर (वेब वार्ता)। भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने मंगलवार को लोक सेवा भवन में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की। इस दौरान साइमन वोंग ने बताया कि सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम जनवरी 2025 में अपनी भारत यात्रा के दौरान ओडिशा आएंगे।

सिंगापुर 'उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025' में पहला देश साझेदार (फर्स्ट कंट्री पार्टनर) होगा।

# अडानी मुद्दे पर दोहरे मापदंड अपना रही कांग्रेस: रामाराव

हैदराबाद, 10 दिसंबर (वेब वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं तेलंगाना के पूर्व मंत्री केटी रामाराव ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अडानी मुद्दे पर दोहरे मापदंड अपना रही है। श्री रामाराव ने इस मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से अडानी मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी के दोहरे मापदंड अपनाये जाने पर सवाल पूछे। बीआरएस विधायकों को टी-शर्ट पहनकर विधानसभा में प्रवेश करने से रोके जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने सवाल किया कि जब कांग्रेस के सांसदों को इसी तरह की टी-शर्ट पहनकर संसद में प्रवेश करने की अनुमति दी गयी तो बीआरएस विधायकों को क्यों रोका जा रहा है।







pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -4-क

**अचल सम्पत्ति(यों) की ई-नीलामी बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

**पंजीकृत कार्यालय** : - 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली -110001 फोन : - 011-23357171, 23357172, 23705414, **वेबसाइट : www.pnbhousing.com** **भिवाड़ी शाखा**: ए-10, पहली मंजिल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाई पास, भिवाड़ी-301019, राजस्थान। **जयपुर शाखा**: एसबी - 59, यूडीबी टावर्स, पहली मंजिल, सामने जयपुर नगर निगम, टोंक रोड, जयपुर-302015. **जोधपुर शाखा**: प्लाट-17, तीसरी मंजिल, के.पी. टावर, अपर चोपासनी रोड, एनआर-बॉम्बे मोटर सर्कल, बलदेव नगर, जोधपुर राजस्थान-342003

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर -ए में निर्दशित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर-डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर-सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर -ए में निर्दशित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामत: **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

| ऋण संख्या, कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम गारंटर(S) (ए) | मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी) | कब्ज़ा का प्रकार (सी) | बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी) | आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी) | बोली वृद्धि राशि (एच) | निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई) | नीलामी की तिथि एवं समय (जे) | ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| HOU/BHI/0119/639649, बी.ओ.: भिवाड़ी, गुरिंदर सिंह/रीता रानी | 14.02.2024 तक रु. 731027.49 | भौतिक कब्जा | ब्लॉक बी, फ्लैट नं-105, वंशिका होम्स, खसरा नं.18 19 35 50 55 59 1417/63 66 गांव, तिजारा जिला-अलवर, राजस्थान-301019, भारत, माप 527 वर्ग. फुट. | रु. 891000 | रु. 89100 | 26.12.2024 | रु. 10,000 | 16.12.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 05:00 बजे | 27.12.2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे | Not Known |
| HOU/BHI/1218/618274, बी.ओ.: भिवाड़ी, रवीन्द्र कुमार शर्मा/रिंकी शर्मा | 14.02.2024 तक रु. 2018359.51 | भौतिक कब्जा | टावर एच, फ्लैट नं-1008, कैपिटल ग्रीन, खसरा नं 838/917,839/919,840,841 गांव -मिलकपुर भिवाड़ी, जिला अलवर, राजस्थान-301019, माप 1037 वर्ग फीट। | रु. 1537000 | रु. 153700 | 26.12.2024 | रु. 10,000 | 16.12.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 05:00 बजे | 27.12.2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे | Not Known |
| HOU/JDH/1219/761146, बी.ओ.: जोधपुर, वीरेंद्र कुमार आसवानी/कविता आसवानी | 11.10.2023 तक रु. 3012407.39 | भौतिक कब्जा | मकान नंबर 25 का पूर्वी भाग, खसरा नंबर 161/1, मंगलम होम्स, ग्राम पाल, जोधपुर, राजस्थान, भारत -342001 | रु. 2700000 | रु. 270000 | 26.12.2024 | रु. 10,000 | 16.12.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 05:00 बजे | 27.12.2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे | Not Known |
| HOU/BHI/1218/618274, बी.ओ.: भिवाड़ी, जीतेन्द्र सोनी/शांति देवी | 12.07.2021 तक रु. 1377012.56 | भौतिक कब्जा | फ्लैट नंबर-516, टीएफ, ब्लॉक-यू, त्रेहान हिल व्यू गार्डन, गांव- थड़ा भिवाड़ी, तह- तिजारा, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान-301019, भारत, क्षेत्रफल 740 वर्ग फीट. | रु. 932000 | रु. 93200 | 26.12.2024 | रु. 10,000 | 16.12.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 05:00 बजे | 27.12.2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे | Not Known |
| HOU/JPR/1119/758575, बी.ओ.: जयपुर, पंकज कुमार/संतोष कुमारी | 14.06.2022 तक रु. 2657401.35 | भौतिक कब्जा | फ्लैट नंबर एस 101, दूसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 23 शिव, शक्ति विहार, ग्राम सुखिया, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, भारत-302023. | रु. 2263000 | रु. 226300 | 26.12.2024 | रु. 10,000 | 16.12.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 05:00 बजे | 27.12.2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे | Not Known |
| HOU/BHI/0120/768495, बी.ओ.: भिवाड़ी, मनोज करहाना, कृपा देवी | 14.11.2023 तक रु. 1644117.33 | भौतिक कब्जा | 8/225, जीएफ, ऐमआईजी-ए 8/225, अरावली विहार (भिवाड़ी), अरावली विहार आरएचबी, भिवाड़ी, राजस्थान, भारत-301019 | रु. 1455000 | रु. 145500 | 26.12.2024 | रु. 10,000 | 16.12.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 05:00 बजे | 27.12.2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे | Not Known |
| HOU/BHI/0617/395468, बी.ओ.: भिवाड़ी, सोनू कुमार/सिंधु देवी | 14.12.2023 तक रु. 1920289.64 | भौतिक कब्जा | प्लॉट संख्या-481-ग्राउंड, ओमेक्स ग्रीन मीडोज सिटी (पहले ओमेक्स सिटी 2), गांव खजूरीबास, तहसील तिजारा, जिला अलवर, राजस्थान-301019, भारत, क्षेत्रफल 733 वर्ग फीट. | रु. 1012000 | रु. 101200 | 26.12.2024 | रु. 10,000 | 16.12.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 05:00 बजे | 27.12.2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे | Not Known |
| HOU/BHI/0517/389253, बी.ओ.: भिवाड़ी, दिनेश नैय्यर / सुमन नैय्यर | 21.02.2022 तक रु. 931094.19 | भौतिक कब्जा | बियरिंग टॉवर-मैरीगोल्ड, ओएमपीबी/सेकंड/204, ओमेक्स पैनोरमा सिटी होम्स - मैरीगोल्ड टॉवर, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान-301019, भारत, माप 410 वर्ग फीट | रु. 564000 | रु. 56400 | 26.12.2024 | रु. 10,000 | 16.12.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 05:00 बजे | 27.12.2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे | Not Known |
| HOU/BHI/0719/731000,NHL/BHI/0623/1124382, बी.ओ.: भिवाड़ी, चन्द्रशेखर शर्मा/देवकी देवी | 09.05.2024 तक रु. 1369067.68 | भौतिक कब्जा | फ्लैट नं 111, टॉवर एल 1, आनंद लोक, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान, भिवाड़ी, राजस्थान-301019, अलवर, भारत। | रु. 789000 | रु. 78900 | 26.12.2024 | रु. 10,000 | 16.12.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 05:00 बजे | 27.12.2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे | Not Known |
| NHL/BHI/0715/232800,NHL/BHI/0316/275482, बी.ओ.: भिवाड़ी, रामनिवास भंडारी/वीणा भंडारी | 16.03.2023 तक रु. 383813.57 | भौतिक कब्जा | टॉवर कैपिटल हाई स्ट्रीट, जी-जीएफ/06, कैपिटल हाई स्ट्रीट, प्लॉट नंबर ए-56 और ए57, औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान-301019, माप 303 वर्ग फीट। | रु. 1068000 | रु. 106800 | 26.12.2024 | रु. 10,000 | 16.12.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 05:00 बजे | 27.12.2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे | Not Known |

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर-के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है।

**1.** आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। **2.** संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर-के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(सं) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। **3.** कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफ़ॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। **4. मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर-44, गुरुग्राम, हरियाणा-122003 वेबसाइट-**www.bankeauctions.com** सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **रवि कुमार/दुर्गा सिंह शेखावत, संपर्क नंबर 1800120 8800**, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा **www.pnbhousing.com** पर देखें।

स्थान : राजस्थान, दिनांक : 11-12-2024 — प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड







स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित किया जाता है। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेल: yuvrajsinghh@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ/JPC/D-009/2006-08